हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–14 : जौनपुर, गुरुवार 01 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ‘कार्यकर्ताओं की इज्जत ही मेरी इज्जत’ : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य

सोनभद्र ब्यूरो : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को सुबह करीब ग्यारह बजे सोनभद्र पहुंचे। पुलिस लाइंस स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद वह सीधे सर्किट हाउस गए। यहां कुछ देर विश्राम कर वह पुसौली स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। हाईवे से कार्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर बने पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस–प्रशासन और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास कार्यों की समीक्षा के बाद डिप्टी सीएम ने स्कूल, अस्पताल, और गो आश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया। जनता की समस्याएं भी सुनी और समाधन बताया। ‘मेरे कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान’ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को कार्यकर्ताओं के साथ सलीके से पेश आने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है। उनके साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई गलत कार्य में लिप्त है तो उस पर सख्ती भी की जाय। पुलिस सिर्फ साधु बनकर हवन करती रहेगी, तब भी काम नहीं चलेगा। विकास कार्यों की समीक्षा करने सोनभद्र पहुंचे डिप्टी सीएम ने सर्किट हाउस में पार्टी के पदाधिकारियों, ब्लक प्रमुखों और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से वार्ता की। उन्होंने सभी को जिले के संदर्भ में अपनी शिकायतें लिखित रूप से प्रस्तुत करने को कहा। डिप्टी सीएम ने कहा



कि कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वह गरीब कल्याण की योजनाओं पर निगरानी रखें। कहीं भी गलत हो रहा हो तो तुरंत सूचित करें। अपनी शिकायत वह लिखित रूप में दें।आपकी शिकायत का समुचित समाधान किया जाएगा। अगर आप उससे संतुष्ट नहीं होंगे तो फिर संबंधित से पूछताछ भी की जाएगी। बशर्ते शिकायत लिखित रूप में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के आला अफसर तो अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन कई बार निचले स्तर पर कमियों से दिक्कत आती है। इस बारे में कार्यकर्ता बताएं। बैठक के बाद वह पुसौली स्थित जिला कार्यालय पहुंचे। डिप्टी सीएम पूरे दिन जिले में रहेंगे। वह संगठन और सरकार के कार्यों की समीक्षा के साथ स्कूल, अस्पताल, गो आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। लोढ़ी ग्राम पंचायत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के निरीक्षण के बाद गांव में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं भी सुनी। उनका रात्रि विश्राम भी प्रस्तावित है। इसे लेकर कई दिनों से जिला प्रशासन और संगठन के लोग तैयारियों में जुटे हुए थे।

## निजी स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति की हर साल समीक्षा करे सरकार : हाईकोर्ट

लखनऊ ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा देने वाले निजी स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति की हर साल समीक्षा करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने लखनऊ एजूकेशन एंड एस्थेटिक डेवलपमेंट सोसायटी की याचिका पर यह आदेश दिया। याची की ओर से कहा गया कि वर्ष 2013 के शासन के आदेश के तहत ऐसे स्कूलों को हर बच्चे के लिए प्रति माह 450 रुपये भुगतान तय हुआ था। हालांकि, इसके बाद भी यह रकम तय नहीं की गई, जबकि अब खर्चे भी काफी बढ़ चुके हैं। दलील दी कि इन स्कूलों पर सरकार की ओर से फीस व अन्य खर्चों की समुचित प्रतिपूर्ति का दायित्व है। कोर्ट ने कहा, एक ओर सरकार पर्याप्त संख्या में स्कूल नहीं खोल पा रही तो दूसरी ओर जो मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं, उन्हें फीस की प्रतिपूर्ति में भी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। कोर्ट के आदेश का अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसो.



ने स्वागत किया है। अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि निजी स्कूलों की कई वर्षों से की जा रही मांग को संज्ञान में लेते हुए कोर्ट ने निर्णय लिया है। संयुक्त सचिव व प्रवक्ता ख्वाजा सैफी यूनुस ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों को अपेक्षा होती है कि शिक्षा विभाग, शासन और राज्य सरकार बिना देरी के बकाया फीस प्रतिपूर्ति की रकम दे। एसो. सचिव डॉ. माला मेहरा, कोषाध्यक्ष रचिव मानस ने कोर्ट का आभार जताया। राज्य सरकार को ये निर्देश भी दिए 31 मार्च तक के पूरे अकादमिक वर्ष के खर्चों को ध्यान में रखकर प्रतिपूर्ति तय करने को कदम उठाया जाएगा। हर साल 30 अप्रैल तक प्रदेश के सभी ऐसे स्कूलों को देय फीस व अन्य खर्चों को तय किया जाएगा। सरकार सरकारी व स्थानीय निकायों के स्कूलों के पिछले सत्र में 30 सितंबर तक दर्ज विद्यार्थियों के अनुपात में खर्चों की प्रतिपूर्ति तय करेगी।

## प्रधानमंत्री संसदीय क्षेत्र वाराणसी के पिंडरा विधानसभा अन्तर्गत प्रा0 वि0 ढोरा में हो रहा मिड डे मील घोटाला

वाराणसी डीकेयू ब्यूरो : ग्राम सभा ढोरा के सम्मानित निवासी एवं एनजीओ संचालक प्रशांत शुक्ल नें दैनिक देश की उपासना टीम को बताया कि प्राथमिक स्कूल पर मिड डे मील में किये जा रहे घोटाले की कई बार सूचना मिलनें पर उनके द्वारा प्राइमरी पाठशाला में दिनांक 29/08/2022 को बच्चों से जा करके जब पूछा कि आप लोगों को खाना कैसा मिलता है तो बच्चे बोले खाना अच्छा नहीं मिलता है तब हमने पूछा कि फल मिला कि नहीं उस वक्त 12:00 बज रहा था तब बच्चे बोले कि फल हम लोगों को नहीं मिलता है और बच्चों को मेन्यू के अनुसार MidDay मील नहीं मिलता है और जो भोजन मिल रहा है उसकी गुड़वता भी बहुत खराब है। ऐसी भी शिकायत मिली की बच्चों की संख्या 30 – 40 है तो उसे 70–80 दिखाया जा रहा है । जो प्रधान पति साहब शुक्ल है वह न्यायालय द्वारा गुण्डा ऐक्ट में जिला बदर भी रह चुके है उससे पाठशाला के प्रधानाचार्य डरते हैं वह बार–बार प्रधानाचार्य को धमकियां देते रहते हैं कि यदि मेरे कार्यकाल में किसी



भी प्रकार का टीका टिप्पणी आप करते हैं तो मैं आपको विद्यालय में घुसने नहीं दूंगा इसलिए विवश होकर के वे किसी सक्षम अधिकारी से प्रधानाचार्य और मास्टर उनके विरोध में शिकायत कुछ नहीं कर पाते हैं क्योंकि वे लोग दूर दराज से आते हैं। और मैंने जब उसके कुकृत्य को उजागर किया तो मुझे और मेरे परिवार को प्रधान व उसके घर वालों के द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है और उसकी आडियो भी मौजूद है जरूरत पड़नें पर शासन प्रशासन को दिया जा सकता है। जिसकी जाँच कराते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की गई है ताकि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में इस प्रकार से हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे और बच्चों को उनका हक मिलता रहे।

## बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा

जौनपुर सू.वि. : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत माह सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह 01 सितम्बर से शुरु होकर 30 सितम्बर तक चलेगा। आज राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत हेतु कलेक्ट्रेट से रैली निकाली गयी। रैली को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय पोषण माह की थीम ‘‘सशक्त, सबलनारी, साक्षर बच्चा, स्वस्थ भारत’’ है। राष्ट्रीय पोषण माह में 05 विभागों–बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद तथा ग्राम विकास विभाग द्वारा मिलकर काम किया जायेगा। इस माह पोषण पंचायत, पोषण वाटिका का निर्माण, स्वस्थ बालक–बालिका स्पर्धा, गृह भ्रमण, सामुदायिक गतिविधि का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय पोषण माह में महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा और शिक्षा–पोषण भी पढ़ाई भी, लैंगिक संवेदनशीलता जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत 25 सितम्बर से 30 सितम्बर तक व जन सप्ताह का आयोजन किया जायेगा।




जनपद में सभी 5321 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर माह सितम्बर में प्रत्येक दिन स्वास्थ्य एवं पोषण से सम्बन्धित कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आर0बी0 सिंह, तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर–जौनपुर मनोज कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## लखनऊ व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक को सुधार हेतु दिया ज्ञापन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने ज्ञापन के सभी बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब से कृषि कानून वापस हुआ है तबसे तमाम चीजें आन लाइन कर दी गयी है परन्तु पोर्टल पर तमाम खामियाँ विद्यमान है जिसे लेकर इसके पहले भी ज्ञापन दिया जा चुका है जैसे एक व्यापारी कई वस्तुओं का कारोबार करता है क्रय बिक्रय के समय किसी व्यापारी द्वारा यदि 10से 15 वस्तुएँ बेची जाती है तो 9 आर सभी वस्तुओं का अलग अलग बनाना पड़ता है हमारी माँग है की सभी वस्तुओं का एक ही 9 आर में उल्लेख होना चाहिए। गेटपास पर्ची की समस्या से भी अवगत कराया। 9 आर एवं गेटपास पर्ची में यदि कोई त्रुटि भूलबस हो जाती है उसे भूल सुधार करने का मौकघ मिलना चाहिए भले उसका समय निर्धारित हो। वरिष्ठ



महामंत्री अमरनाथ मिश्र ने व्यापारिक समस्या का जल्द से जल्द निदान करने की माँग की। मंडी निदेशक ने सभी विंदुओं को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रुप से अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र,मुख्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारतभूषण गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## यूपीएसएसएफ की पहली यूनिट ने संभाली लोकभवन की सुरक्षा : सीआईएसएफ की तर्ज पर हुआ गठन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के प्रमुख स्थान जैसे लोकभवन, विधान भवन, एयरपोर्ट, न्यायालयों, मेट्रो व बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए सरकार ने स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (यूपीएसएसएफ) गठित किया है। इसकी पांच यूनिट प्रदेश में तैयार हो गई हैं। पहली यूनिट ने लोकभवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। अत्याधुनिक हथियारों से लैस यह फोर्स सीआईएसएफ की तर्ज पर गठित की गई है, जिसको गिरफ्तारी का भी अधिकार दिया गया है। प्रदेश सरकार ने दूसरी बार सत्ता संभालने के साथ ही एक विशेष सुरक्षा दल के गठन का आदेश जारी किया था। इसे यूपीएसएसएफ नाम दिया गया था। इस विशेष दल का गठन पुलिस के विशेष अधिकारियों द्वारा किया गया है। यूपी पुलिस, आर्मस फोर्स व पीएसी के चिह्नित जवानों को इसमें शामिल किया गया है। इनको सीतापुर में 90 दिन तक कमांडों की तरह ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स को लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा, गोरखपुर और सहारनपुर में तैनात किया गया है। वहीं छठीं यूनिट अयोध्या के लिए प्रस्तावित है। लोक भवन के तीन गेटों की सुरक्षा करेंगे एडीजी पीएसी डॉ. केएस प्रताप कुमार के निर्देशन में ही स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स काम करेगी। पहले चरण में लोकभवन के गेट नंबर 3, 7 और 9 की सुरक्षा सौंपी गई है। हर गेट पर 4 सिपाही व एक एचसीपी को तैनात किया गया है। अगले चरण में प्रदेश के न्यायालयों व अन्य सरकारी भवनों की सुरक्षा भी एसएसएफ संभालेंगी। एक यूनिट में 75 टीमें है। प्रत्येक टीम में 24 जवान रखे गए हैं। एमपी–5 गन से लैस रहेंगे जवान स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के जवानों को एके–47 का अपडेट वर्जन एमपी–5 गन दी गई है। वहीं स्कैनर व अन्य जरूरी उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में वीआईपी की सुरक्षा कर सकें। इन जवानों को वीआईपी सुरक्षा के अलावा आम लोगों से किस तरह व्यवहार करना है, इसका भी प्रशिक्षण दिया गया है।

### अब गंगा नदी में चलेंगे लग्जरी क्रूज : कोलकाता से काशी का सफर कर सकते हैं तय

वाराणसी ब्यूरो : पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी का सफर अब रोमांचक होगा। गंगा की लहरों पर लग्जरी क्रूज का लुत्फ उठाते हुए लोग वाराणसी पहुंचेंगे। राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या एक में कोलकाता से वाराणसी के लिए क्रूज बहुत जल्द शुरू होने वाला है। इस बाबत गुरुवार सुबह भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने सूचना जारी की है। बताया गया है कि जलमार्ग के जरिए भारत को जोड़ने के क्रम में एम वी राजमहल (क्रूज) को जल्द ही यात्रा के लिए कोलकाता से रवाना किया जाएगा। ये केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना में शुमार है। ऐसे में विभाग की तैयारी जोरों से चल रही है। कोविड संक्रमण के बाद एम वी राजमहल कोलकाता से वाराणसी के लिए लंबे समय के बाद रवाना होने वाला पहला क्रूज है। फरक्का, साहिबगंज, कहलगांव और पटना के लिए इसका रूट तय किया गया है। ऐसे में लोग इस रास्ते में पड़ने वाले सभी ऐतिहासिक स्थलों को भी देखते हुए सफर कर सकेंगे। कोलकाता से वाराणसी तक के इस सफर का किराया फिलहाल साफ नहीं है। सूत्रों का कहना है कि कि टूर का पैकेज सस्ता ही होगा, जिससे सभी वर्ग के लोग इसका आनंद ले सकें। पहले परवान नहीं चढ़ पाई थी योजना पर्यटन विभाग ने पर्यटन



को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2006 में कोलकाता से वाराणसी तक पांडव क्रूज की जल यात्रा शुरू की थी। पांडव क्रूज पर विदेशी सैलानियों की भीड़ ज्यादा देखने को मिली थी, लेकिन पांडव क्रूज का दुर्भाग्य यह रहा कि उसे गंगा के गाद व कम पानी होने के कारण क्रूज गंगा नदी में जगह जगह रुक जाता था। जब दूसरी बार आया तो अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाया। मजबूरी में विभाग को सैलानियों को लग्जरी गाड़ियों से वाराणसी भेजना पड़ा। तभी से जल यात्रा रोक दी गई थी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने किया फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा पंचायत भवन नई मऊ टिकारिया बाराबंकी में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन चेयरमैन महेश गोयल



के निर्देशन में प्राचार्य अविनाश चंद्र श्रीवास्तव एवं निदेशक आलोक मिश्रा द्वारा सफलतापूर्वक करवाया गया जिसमें कुल 120 रोगियों का चिकित्सा निदान एवं निःशुल्क औषधि वितरण किया गया। संचालन पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ गौरव सिन्हा द्वारा किया गया, जिसमें एम.ओ .डॉ अरविंद सक्सेना, स्टाफ नर्स भावना मिश्रा, स्टाफ नर्स प्रियंका प्रसाद, निखिल मिश्रा, धीरेश कुमार श्रीवास्तव, अंकित उपस्थित थे।

## घूस लेने के जुर्म में गोरखनाथ थाने के तत्कालीन चालक को तीन साल की कैद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ओम प्रकाश मिश्र ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के मिर्जापुर पचपेड़वा निवासी तत्कालीन आरक्षी चालक जगदीश सिंह तीन साल के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम त्रिपाठी का कहना था कि शिकायतकर्ता सुभाष चंद नायक के शिकायती प्रार्थना पत्र पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक नवनीत को गोपनीय जांच का निर्देश दिया गया। जांच में पाया कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गोरखपुर के न्यायालय में सरकार बनाम सुभाष चंद नायक आदि के मुकदमे में अभियुक्तों के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया है और तारीख पेशी 16 नवम्बर 1998 नियत है। वादी नवनीत आरएसआई रामसेवक यादव और आरक्षी राघवेंद्र सिंह के साथ सादे कपड़े में मंदिर के पास उपस्थित होकर शिकायतकर्ता सुभाषचंद नायक पर नजर रखे हुए थे। इसी बीच थाने की जीप से अभियुक्त आरक्षी चालक जगदीश सिंह आया और गाड़ी रोककर प्रबंधक कक्ष की ओर गया और शिकायतकर्ता से दो हजार रुपए रिश्वत की मांग की। जहां अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## राष्ट्रीय शूटिंग बाल चैम्पियनशिप में राजधानी की खुशी दूबे का चयन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बिहार में आयोजित होने वाली 41वीं राष्ट्रीय सब–जूनियर बालक–बालिका शूटिंग बाल चैम्पियनशिप में राजधानी की खुशी दुबे का चयन हुआ है। आगामी दो सितम्बर से चार सितम्बर तक आयोजित होने वाली शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन



बिहार के गया में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन शूटिंग बाल एसोसिएशन आफ इण्डिया तथा बिहार शूटिंग बाल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। शूटिंग बाल एसोसिएशन, लखनऊ के सचिव अन्जय दास ने बताया कि खुशी दुबे लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना शाखा की छात्रा है। इसका चयन गाजियाबाद में आयोजित राज्य सब–जूनियर शूटिंग बाल चैम्पियनशिप में हुआ था। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर खुशी के माता–पिता सहित विद्यालय के सभी लोग काफी उत्साहित है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 रूपाली पटेल ने इस अवसर पर खुशी दुबे को राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में सफलता की हार्दिक शुभकामनायें प्रदान की।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन एक साइकिल की तरह है, संतुलन बनाए रखनें के लिए आगे बढ़ते रहना होता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# इतिहास के सबक हो सकती है भविष्य की ठोकरें

कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग–अलग संस्कृतियों से आए माता–पिता या दादा–दादी, नाना–नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं।

दिनकर की संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। क्या इतिहास का एकल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में योगदान है? ऐसे नायकों की कहानियां सुनाना जो प्रेरित कर सकें कि ऐसे जियो, ऐसे लड़ो, ऐसे बनो। क्या ऐसी कहानियों के सुंदर समुच्चय को सच्चा और अच्छा इतिहास कह दिया जाना चाहिए? चलो, मान भी लिया जाए कि यही सर्वोच्च, पवित्र मकसद है, तो जब बड़ी घटनाएं नक्शा बदल देंगी, तब इस पुराने लिखे पवित्र इतिहास का क्या करेंगे, कूड़ेदान में डालेंगे या खुद को ही इस अपराध के लिए दोषी ठहराकर चौराहे पर अपने हाथों से अपने गले मे फंदा डाल लेंगे?

हमारे घरों के बच्चे अक्सर इतिहास को एक उबाऊ विषय मानते हैं, उम्र में बड़े हो चुके लोगों को कहते सुना है कि घटनाएं और तारीखें याद करते– करते थक जाते थे हम: 'हिस्ट्री– ज्योग्रफी बड़ी बेवफा, रात को याद किया, सुबह हो गई सफा'। फिर अक्सर लोग अपने बीते जीवन को घटनावार, तिथिवार बताने लगते हैं, उन्हें नहीं पता होता कि वे इतिहास के जोन में आ चुके हैं, यह पर्सनल हिस्ट्री कहलाती है।

पर कमाल यह है कि सियासतदान इसे एक जरूरी विषय मानते हैं। वे फिर किसको, और कैसे अपने मन का इतिहास पढ़ाना, सिखाना चाहते हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इतिहास के पूर्व प्रोफेसर बीएल भादानी हाल ही में एक दिन कह रहे थे–'यूक्रेन के इलाकों पर रूस का कब्जा हो जाने पर रूसी लोग यूक्रेन के इतिहास की पुस्तकों को जला रहे हैं। क्या यूक्रेन के लोग अपने इतिहास को भूल जाएंगे? शायद कभी नहीं।

इसी प्रकार हमारे भारत में वैज्ञानिक आधार पर लिखे गए इतिहास को कोर्स से हटाकर नया इतिहास लिखा जा रहा है, क्या उपरोक्त दो बातों में साम्य नजर आता है?' उनकी बात से भी मुझे इतिहास लेखन की बुनियादी जरूरत और अहमियत का सवाल खड़ा होता दिखाई देता है। कौन–सा इतिहास हम नष्ट करना चाहते हैं, किसको बचाना, यही चयन पद्धति बहुत से सवालों का जवाब भी है, खुद में एक लाजवाब सवाल भी है।

ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा कितने लोग भुगतते हैं, कई बार केवल कुछ लोग, कई बार लाखों... इतिहास लिखने के मकसद को लेकर याद करना जरूरी लगता है कि जब रामधारी सिंह 'दिनकर' इतिहास और संस्कृति विषयक लेखन कर रहे थे, कौन इनकार कर सकता है कि उनकी प्राथमिकता में नेहरूवियन भारत का सपना नहीं था? वह दृष्टि दिनकर जी के लेखन में आद्योपांत दिखाई देती है। उनकी किताब संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था।

कहने को कहा जा सकता है कि विज्ञान के आविष्कार विज्ञान के विकास, विषय के विस्तार के लिए होते हैं या मानव सभ्यता के हित के लिए? तो इतिहास की भी अहमियत केवल विषय के विकास पर कैसे मानी जानी चाहिए। पर दोनों मकसद साथ पूरे हो जाएं, ऐसे संयोग तो दुर्लभ होते होंगे। कभी या प्रायः दोनों मकसद आमने–सामने आकर खड़े हो जाते होंगे। यहीं चुनौती भी है, मुश्किल मार्ग भी है, सब इतिहास लिखने वाले इस चुनौती को कहां ठीक से निभा पाते होंगे। फिसलन होती ही होगी।

कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग–अलग संस्कृतियों से आए माता–पिता या दादा–दादी, नाना–नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं।

कुछ तो वजह होती होगी कि इतिहास पढ़े लोगों को इतिहास न पढ़े लोगों से ज्यादा चतुर होने का कभी सच्चा, कभी झूठा एक वहम होता है, क्योंकि वे लंबे समय में चीजों को देख पाते हैं, उन घटनाओं के आगे– पीछे का एक बोध, एक इंट्यूशन उनमें बनने लगता है। वे घटनाओं को लंबी समय रेखा के एक बिंदु के रूप में देखते हुए अपने समय से आगे या पीछे देख या प्रिडिक्ट कर पाते हैं, तो यह भी इतिहास की एक अहमियत या उपयोगिता ही है।

इतिहास के मकसद के लिहाज से बताना ठीक लग रहा है कि इतिहास लिखने और कहानियां सुनाने में एक फर्क है कि इतिहास की किताब या घटना पढ़ते सुनने के अंत में आपको कथार्सिस वाला सुकून नहीं मिलता, कि अच्छे की जीत हुई, बुरे की हार... दुश्मन दोस्त बन गए या दो प्यार करने वाले लड़ते–झगड़ते, जूझते शादी तक पहुंच गए, इतिहास और कहानी को मिलाकर लिखने से ये मकसद पूरा होता है, पर तब इतिहास लहूलुहान होता है।

क्या ये बड़ा और भयावह सच नहीं है कि इतिहास को हमने अक्सर ये हक दिया है कि वह तय करे कि हमारा दोस्त कौन है, दुश्मन कौन, कौन शुभचिंतक। वह दोस्त– दुश्मन– शुभचिंतक एक व्यक्ति भी हो सकता है, एक समूह भी, एक कौम भी, एक मुल्क भी, एक पूरी सभ्यता भी। कितना सुंदर मुहावरा है जब लोग कहते हैं कि इतिहास न्याय करेगा.. करता है भला? वाकई इतिहास को न्याय करने दिया गया है? हम करने देते हैं? फुर्सत मिले तो सोचिएगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# तत्कालीन डीपीआरओ ने दबाव के चलते ही कटवाई थी चहेती फर्म को चेक –नरेश अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि तत्कालीन डीपीआरओ ने डस्टबिन आपूर्ति के नाम पर प्रधानों ,ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों पर दबाव डलवा कर चहेती फर्म के पक्ष में चेककटवाई थी । श्री अग्रवाल ने कहा कि उनसे यदि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिवों से सघन पूछताछ व जांच पड़ताल हो तो घोटाले का सच आ सकता है एसआईटी को चाहिए कि वह इस घोटाले में शामिल बड़ी मछलियों के चेहरे बेनकाब करे जनपद के टडियावां , बावन , सुरसा व भरावन ब्लॉकों में डस्टबिन आपूर्ति में हुई बड़ी धांधली पर भाजपा के पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि आपूर्ति में बड़ी मछली के नाम व चेहरे सामने लाए जाने चाहिए । उन्होंने कहा कि डस्टबिन आपूर्ति कांड में तत्कालीन डीपीआरओ मुख्य रूप से दोषी हैं। क्योंकि शासन स्तर पर उच्च पद पर बैठे अपने राजनीतिक आकाओं के दबाव में उन्होंने तत्कालीन ग्राम प्रधानों ,ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारियों पर दबाव डाल कर डस्टबिन आपूर्ति की चेक कटवाई थी। हरदोई में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि सरकार यदि चाहेगी तो प्रधान सरकारी गवाह बनने को तैयार है। उन्होंने कहा कियदि उक्त घोटाले की जांच पड़ताल की जाए उसे बड़ी बड़ी मछलियों के नाम व चेहरे सामने आ सकते हैं। आपको बताते चलें कि हरदोई में मुख्य रूप से चार ब्लॉकों सुरसा, बावन, टडियावा व भरावन मैं डस्टबिन खरीद घोटाले में कुल



183 पर रिपोर्ट दर्ज हुई है जिनमें, 141 ग्राम प्रधान व 41 ग्राम विकास सचिवों को नामजद किया गया है। सप्लाई करने वाले कंपनी के निदेशक भी दोषी है इस पूरे खरीद–फरोख्त में स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई गई थी,। लखनऊ में बैठे उच्च स्तरीय अपने राजनीतिक आका के दबाव में तत्कालीन डीपीआरओ ने बिना किसी अनुमति के मौखिक रूप से डस्टबिन की खरीददारी, बाजार मूल्य से बहुत ज्यादा कीमतों पर दर्शा कर संबंधित ग्राम प्रधानों ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों से चेक संबंधित संस्था के पक्ष में कटवा कर भुगतान करा दिया था। पूरे मामले की जांच कर रही थी विजिलेंस, जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर लखनऊ में दर्ज किया गया मुकदमा। डस्टबिन घोटाले की चर्चा करते हुए तरह–तरह के कयास लगा रहे हैं।

# गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गौरव जन कल्याण संस्थान के तत्वावधान में पुण्यात्मा श्री गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव कि द्वितीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन ग्राम –कन्थाथोक , पोस्ट – बहर, जिला–हरदोई में किया गया । शिविर का उद्घाटन माननीय श्री सुखसागर मिश्र ''मधुर'' अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् हरदोई के कर कमलो द्वारा किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों ऐसे स्वास्थ्य शिविरों की बहुत आवश्यकता है जिसे आयोजित कर गौरव जनकल्याण संस्थान ने बहुत ही पुण्य का कार्य किया है उन्होंने हरदोई जिले के शहीद मेजर पंकज पाण्डेय के जनक श्री अवधेश कुमार पाण्डेय जी को पुण्यात्मा श्री गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव स्मृति सम्मान 2022 से सम्मानित किया तथा जिंदपीर चौराहा का नाम मेजर पंकज पांडे के नाम पर शीघ्र किए जाने की घोषणा की। शिविर में पी के डायग्निस्तिक एंड रिसर्च हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क जांच में 09खून, 18 ई सी जी के अतिरिक्त 12 अल्ट्रा साउंड किए गए मधुमेह ,रक्तचाप की जांच भी निःशुल्क की गई जिला चिकित्सालय की टीम के द्वारा कोविड 19 के 83 वैक्सिनेशन व 29 मलेरिया की जाँच पूर्णता निःशुल्क की गयी जो नेगेटिव निकली तथा आवश्यकतानुसार दवा भी वितरित की गयी किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 450 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. अजय अस्थाना (एम. बी.बी.एस.) सीनियर फिजीशियन, डॉ. इमरान अंसारी (एम. बी.बी.एस. , एम.एस.) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन, डॉ.




अग्निहोत्री , डॉ. सुयश खरे (एम. बी.बी.एस., एम.डी.) हृदय रोग व श्वासरोग , डॉ. अमित शर्मा (एम. बी.बी.एस., एम.डी.) हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. एस.पी.अस्थाना (बी.ए.एम.एस.) फिजिशियन एवं सर्जन, द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले मेजर पंकज पांडे के जनक अवधेश पांडे जी को सम्मानित कर संस्थान गौरवान्वित है। इस अवसर पर गौरव जन कल्याण संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कुंजलता श्रीवास्तव और राष्ट्रीय सचिव गौरव श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, संदीप कुमार गुप्ता, संदेश श्रीवास्तव, यस० एन० गुप्ता , अलोक गुप्ता ,विनोद श्रीवास्तव, यशवीर श्रीवास्तव ,रजत श्रीवास्तव , हर्षित श्रीवास्तव , शिवम् श्रीवास्तव, छूटाली सिंह, संजीव सिंह,बसंत श्रीवास्तव, कुशपाल सिंह, राहुल श्रीवास्तव, निश्चल खरे, सुमति अस्थाना, पंकज अस्थाना सही भरी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल परिसर में बाहरी वाहन दिखे तो होगा एक्शन– सीएमएस

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला चिकित्सालय में इन दिनों बाहरी वाहन खड़े हो रहे है।जिससे मरीजों व सरकारी एंबुलेंस को आने जाने में दिक्कते हो रही है।दो दिन पहले रोगी कल्याण समिति की बैठक में निर्णय होने से सीएमएस तेवर में है।परिसर में कोई भी बाहरी वाहन ही नही एंबुलेंस भी मरीजों को इमरजेंसी में छोड़ तत्काल परिसर छोड़ना होगा। अन्यथा कार्यवाही तय है। बुधवार को सीएमएस डा. एससी कौशल ने बताया कि परिसर में वे बाहरी वाहन खड़े होते है जो शहर में घूमने आते है। यही से मरीजों को इलाज के लिए किसी अन्य जिले में ले जाने वाले प्राइवेट वाहन व इर्द गिर्द दुकानदारी करने वाले वाहन दिन भर खड़े रहते है।अब लोकल पुलिस इन अवैध




वाहनों का चालान करने के लिए निर्देशित किया गया है।सूत्रो की माने तो पुलिस व स्वास्थ महकमा भी शामिल है।

# आपत्ति जनक बयान और फरियादी से अभ्रदता मामले में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री का फूंका पुतला

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के आपत्तिजनक बयान और फरियादी से अभद्रता मामले ने पकड़ा तूल। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण मिश्रा के नेतृत्व में विकास भवन के मुख्य गेट पर जलाया कैबिनेट मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर लंबे समय से पुतला दहन को रोकने का इंतजार करती रही नगर कोतवाली पुलिस। पुलिस की आंखों में धूल झोंक कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन, लगाए



कैबिनेट मंत्री नंदी मुर्दाबाद के नारे।

# मेदांता अस्पताल लखनऊ को 101 सफल किडनी प्रत्यारोपण की उपलब्धि हुआ हासिल

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊः मेदाता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, लखनऊ के निर्देशक डॉ राकेश कपूर और नेफ्रोलॉजी विभाग के निर्देशक डॉ आर के शर्मा के मार्गदर्शन में की गई थी । विभाग के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ राकेश कपूर ने कहा मेदांता इंस्टिट्यूट ऑफ किडनी एंड यूरोलॉजी ,किडनी, ब्लैडर और प्रोस्टेट ग्लैंड सहित मूत्र प्रणाली के रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए एक अनूठा विभाग है ,जहां इन सभी रोगों का निदान होता है। मेदांता इंस्टिट्यूट ऑफ किडनी एंड यूरोलॉजी मे डायलिसिस प्रत्यारोपण और क्रोनिक किडनी रोगी के लिए चौबीसों घंटे सेवाओं के साथ यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के सभी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान करता है हर महीने करीब 16100 डायलिसिस प्रतिक्रियाएं की जा रही हैं। डॉ आर के शर्मा ने बताया एबीओ ट्रांसप्लांट के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा ,एबीओ इनकंपैटिबल विधि में एबीओ का मतलब ब्लड ग्रुप से है । इस तकनीक से मरीज और डोनर के अलग–अलग ब्लड ग्रुप के होने पर भी किडनी ट्रांसप्लांट की जा सकती है । खास बात यह है कि किडनी ट्रांसप्लांट से पहले मरीज व डोनर के एंटीबॉडीज का लेवल मानक के अनुरूप होना चाहिए इसे डोना के अनुरूप करने में दस दिन का समय लगता है । प्रतिदिन मरीज की बॉडी में प्लाज्मा एक्सचेंज तकनीकी से एंटीबॉडी की मात्रा घटाई जाती है किडनी खराब होने से बचने के उपायों के बारे में बात करते हुए डॉ . आर.के. शर्मा ने कहा , ' आजकल लोगों की जीवनशैली बिगड़ती जा रही है । लोग खानपान पर ध्यान नहीं देते हैं . वहीं मौजूदा समय में डायबिटीज के सबसे ज्यादा केस अब हमारे देश में है । लंबे समय तक डायबिटीज होने से हाइपरटेंशन और मोटापा हो जाता है जिसमे गुर्दे को खराब हो जाते है हर व्यक्ति को हर साल




स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए ताकि शरीर में कोई बीमारी विकसित हो रही हो तो उसका समय रहते निदान किया जा सके आज कई लोग लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का इस्तेमाल करते रहते हैं जिससे किडनी फेल हो जाती है मोटापा कम करने के लिए बाजार में कई दवाएं उपलब्ध है इनका किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है और किडनी खराब होने का खतरा बढ़ जाता है गुर्दे की क्षति एक बार हो जाने के बाद इससे उलट नहीं किया जा सकता अंतिम चरण में गुर्दे की बीमारी या गुर्दे की विफलता तब होती है जब हमारे कुर्ते आपके शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम नहीं करते हैं जब ऐसा होता है तो मरीज को जीवित रहने के लिए डायलिसिस क्या किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत होती हैकिडनी ट्रांसप्लांट टीम डॉ.राकेश कपूर डायरेक्टर , यूरोलॉजी एड किडनी ट्रांसप्लांट , डॉ . आर . के . शर्मा डायरेक्टर , नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लाट , डॉ मयंक मोहन अग्रवाल एसोसिएट डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट , डॉ . सी.के. पाण्डेय डायरेक्टर , एनेस्थीसिया , डॉ दिलीप दुबे डायरेक्टर , क्रिटिकल केयर , डॉ वेद भास्कर कसेल्टेट , यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट , डो अभिजीत कुमार कसेल्टेट , नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट , डॉ राजेश कुमार एसोसिएट कंसल्टेंट्स , यूरोलॉजी एड किडनी ट्रांसप्लांट , डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह एसोसिएट कंसल्टेंट्स , यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लाट , डॉ रोहित कपूर एसोसिएट कंसल्टेंट्स , यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट।

## स्टेट बैंक गंज जलालाबाद शाखा प्रबंधक की कार्य शैली से आस–पास के गांवो की जनता में आक्रोश व्याप्त

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विकास खंड मल्लावां के ग्राम गंज जलालाबाद में संचालित भारतीय स्टेट बैंक की वर्तमान शाखा प्रबंधक प्रमिला अग्रवाल की भ्रष्ट कार्य प्रणाली से आम उपभोक्ता कई–कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाया करता है लेकिन उसके खाते की केवाईसी तक नहीं हो पाती है और गंज जलालाबाद, नेवादा, अटवारा, सरायसुल्तान, तेरिया, कोट, भिखारीपुर कटिया इत्यादि तमाम गांवों के बैंक खाता धारक सुबह से बैंक बंद होने तक केवाईसी कार्य को पूरा कराने के लिए चक्कर लगाया करते हैं। यदि फार्म मिल भी गया तो उक्त प्रबंधक केवाईसी के लिए कई–कई दिनों तक दौड़ाती रहती हैं जिससे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित सरकार की कई योजनाएं प्रभावित हो रही हैं । इसी प्रकार से प्रबंधक द्वारा गरीब खाता धारकों को एक हजार से पांच हजार तक पैसा निकालने वालों को पैसा ही नहीं देती है। और कहती हैं कि पुष्पेन्द्र पाल से पैसा ले लो। यह ग्राम सभा परमी का वर्तमान प्रधान है जो इसी बैंक क्षेत्र का गांव है यह बैंक बीसी (बैंक मित्र) के पद पर ग्राम सभा सरांय सुल्तान में बैठने के लिए नियुक्त किया गया था लेकिन यह इसी बैंक में बैठता था। जब बैंक उपभोक्ताओं ने विरोध किया तो यह सरांय सुल्तान में न बैठ कर फिर भी गांव के एक कथित लेखपाल के यहां बैठता है। और वहां से भी बैठ कर बैंक दलाली का धंधा कर रहा है। बैंक प्रबंधक छोटे–छोटे खाता धारकों से कहती हैं कि पैसा जाकर पुष्पेन्द्र पाल से लो यही बात बैंक कैसियर भी कहता है। कि बीस हजार रुपए से कम का भुगतान नहीं होगा यह बैंक मित्र से लें। ज्ञातव्य हो यह लोग इसलिए कहते हैं कि बैंक मित्र को मिलने वाले कमीशन पर आधा–आधा कमीशन शाखा प्रबंधक एवं कैसियर आपस में मिलकर बांट लेते हैं। फलस्वरूप बैंक पांच, दस, पचास हजार रूपए जमा तो कर लेती है लेकिन जब खाता धारक पैसा निकालने जाता है तो उसे भगा दिया जाता है। जबकि नियमानुसार वित्त मंत्रालय ने बैंक मित्र की नियुक्ति बैंक से दूर स्थित गांवों के लिए की थी। लेकिन यह तो बैंक में ही बैठता है तथा बैंक मित्र होने के साथ–साथ ग्राम प्रधान भी है यह भी नियम विरुद्ध है। कोई भी जनप्रतिनिधि बैंक का बी सी नहीं बन सकता है। इसे ग्राम प्रधान के पद से इस्तीफा देने के बाद ही बी सी बनाया जा सकता है। यह बैंक में सिर्फ दलाली करने के लिए ही बैंक प्रबंधन ने इसकी नियुक्ति की है। एस बी आई शाखा गंज जलालाबाद की बैंक प्रबंधक एवं कैसियर ने बैंक को एक प्राइवेट संस्था में बदल कर भ्रष्टाचार एवं लूट मचा रखी है। जब इसका विरोध आम उपभोक्ता करता है तो धमकी देने तथा पुलिस में शिकायत करने की बात करती हैं। भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय मुख्य प्रबंधक हरदोई में बैठते हैं उन्हें भी इसकी शिकायत की गई है लेकिन अभी तक बैंक में हो रहे भ्रष्टाचार एवं काम चोरी का कोई भी हल नहीं निकला है। क्षेत्रीय बैंक उपभोक्ताओं का बैंक की कार्य पद्धति एवं भ्रष्टाचार से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिससे कोई भी घटना हो सकती है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी एस बी आई बैंक प्रबंधन की होगी।

## ट्रैक्टर और ट्रांसपोर्ट यूनियन ने उद्योग व्यापार संगठन को दिया समर्थन

हरदोई( अम्बरीष कुमार सक्सेना) आज ट्रैक्टर और ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन की बैठक रेलवेगंज में संपन्न हुई, जिसमें यूनियन द्वारा अपना समर्थन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को दिया है। जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल हैं। व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष श्री श्यामाकुमार गुप्ता''टीटू'' ने यह आश्वासन दिया कि वाहन स्वामियों द्वारा बताई गई समस्याओं और भविष्य में होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या का निस्तारण प्रदेश अध्यक्ष आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के द्वारा जल्द से जल्द करा दिया जायेगा। जिससे खुश होकर वाहन स्वामियों ने श्री अग्रवाल के जयकारे लगाए। इस बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलामहामंत्री सुशील गुप्ता, जिला उपाधक्ष लालाराम पांडे जी, जिला उपाध्यक्ष संदीप कैलाश गुप्ता, शिवा ट्रांसपोर्ट के विजेंद्र नाथ गुप्ता जी, शारदा ट्रांसपोर्ट के गौरव गुप्ता, जीवन ट्रांसपोर्ट के जीवन लाल जी, श्री कृष्णा ट्रांसपोर्ट के खुन खुन जी, विनय ट्रेवल्स के मोहित गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, महेन्द्र प्लाजा से अनूप गुप्ता, विपिन गुप्ता मन्नापुरवा, संतोष गुप्ता ''मंत्री'',





पंकज गुप्ता, नईम गाजी, अली, विशाल, संदीप, अंकित बघौली, कल्लू पांडे, छोटू थमरवा, अरविंद कोठिला , अनूप वर्मा ''जिला पंचायत'', नीरज पांडे ''बांगर'', रजनीश सिंह''गोवर्धनपुर'', सतीश ''लालपुर'', निशाद, कुलदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, रोहित गुप्ता''अहिरोरी'' आदि लोग मौजूद रहे।

# रक्तवीरों का किया गया सम्मान : शाहगंज में हुआ ऐतिहासिक रक्तदान के आयोजकों का सम्मान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विगत 15 अगस्त को मुफ्तीगंज स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में स्वैच्छिक शौर्य रक्तदान आयोजन समिति द्वारा सफल रक्तदान के आयोजन पर आज जौनपुर के शाहगंज तहसील स्थित अनिता हॉस्पिटल के प्रांगड़ में ''स्वैच्छिक शौर्य रक्तदान रक्तवीर सम्मान समारोह'' के तहत विकास तिवारी, अतुल सिंह, डॉ अब्बासी, दिव्यप्रकाश सिंह, तुषार श्रीवास्तव का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय बाजार स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय मुफ्तीगंज के प्रांगण में दिनांक 15 अगस्त 2022 को आयोजित रक्तदान उत्सव कार्यक्रम में 557 लोगो ने अपना रक्तदान कर एक मिसाल कायम किया था। इस ऐतिहासिक रक्तदान पर शाहगंज स्थित अनिता अस्पताल के प्रबंधक डॉ अभिषेक रावत ने स्वैच्छिक शौर्य रक्तदान शिविर के आयोजकों का रक्तवीर सम्मान समारोह कार्यक्रम कराकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के अतिथि शाहगंज के विधायक रमेश सिंह ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है एक साथ एक स्थान पर 557 लोगो ने रक्तदान कर उत्तरप्रदेश का कीर्तिमान हासिल किया है प्रदेश के खाली पड़े रक्तकोष को भरने का यह प्रयास इन युवाओ का सफल रहा इसलिए इन्हें बधाई देता हूँ। सेना को समर्पित रक्तदान उत्सव में जनपद के कोने कोने से लोगो ने अपना रक्तदान किया। स्वैच्छिक शौर्य रक्तदान शिविर के आयोजक रहे विकास तिवारी ने कहा कि रक्तदान उत्सव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जब युवाओ का हुजूम उमड़ा तो यह दृश्य देखकर उपस्थित सबकी आंखे नम हो गयी, मात्र एक आह्वाहन पर इतनी बड़ी संख्या में रक्तदानियों में पहले हम पहले हम जैसी स्थिति पैदा हो गयी थी। उन्होंने बताया कि शिविर में जनपद के चार रक्तकोषों के तकनीकी चिकित्सक युवाओ का लहू निकाल पाने



में असमर्थ दिखे। भारी भीड़ व रक्त निकालने वाले चिकित्सक की कमी के कारण सैकड़ो लोग रक्तदान करने से वंचित रह गए। उन्होंने आयोजित रक्तवीर सम्मान कार्यक्रम के प्रति कृतज्ञतापूर्ण आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्वैछिक शौर्य रक्तदान आयोजन समिति के द्वय आयोजक अतुल सिंह ने कहा कि आज मेरा 24वां रक्तदान था और मैं संकल्प लिया है कि 100 बार रक्तदान करूँगा, पहले क्षेत्र और समाज मे यह भ्रम व्याप्त था कि रक्तदान करने से व्यक्ति में दुर्बलता व कमजोरी आती है साथ ही ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिस तरह से समाज मे यह मिथक टूटा है कि महिलाएं रक्तदान कम करती है मुफ्तीगंज के ऐतिहासिक रक्तदान कार्यक्रम में महिलाओं की हिस्सेदारी जनपद ही नही अपितु प्रदेश के लिए एक मिसाल बन गयी। उक्त कार्यक्रम में सोंधी के प्रमुख विजय सिंह विद्यार्थी ने कार्यक्रम के आयोजकों को सफल ऐतिहासिक रक्तदान शिविर के लिए सराहा उन्होंने कहा कि इन नवयुवको पर पुष्प वर्षा होनी चाहिए आज के समाज मे यही युवा इतिहास बनाकर जनपद के लिए एक नजीर पेश कर रहे है। उक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख रूप में शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, शाहगंज नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता जायसवाल, सोंधी विकास खण्ड प्रमुख विजय सिंह विद्यार्थी, शाहगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ रफीक फारूकी, शाहगंज आईएमए अध्यक्ष डॉ एस एल गुप्ता, डॉ डी सी तिवारी, डॉ तन्जिला रहमान, डॉ तारिक शेख, सुनील अग्रहरी व जनपद के अन्य चिकित्सको समेत क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। तथा आगंतुक सम्मानित अतिथियों का स्वागत विधायक रमेश सिंह ने किया। उक्त रक्तवीर सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ अभिषेक रावत अपनी टीम के साथ डटे रहे। आयोजन कार्यक्रम की अगुवाई अनिल मोदनवाल, सुनील अग्रहरी टप्पू, रिंकू सिंह प्रधान इत्यादि ने किया। कार्यक्रम का संचालन पवन पाल व ईशान जायसवाल ने किया।

# करंजाकला में चार दिवसीय निपुण भारत मिशन का प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास खण्ड करंजाकला के ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में परिषदीय शिक्षको को बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण जौनपुर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना कर प्रारम्भ किया गया ।प्रशिक्षण के उद्घाटन में मुख्य अतिथि जौनपुर डायट के प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ राकेश सिंह, , वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ मनीष सिंह वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ आर यन यादव रहे ।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बुके देकर खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ सच्चिदानन्द यादव ने सभी शिक्षकों से अपील कि आप सभी इस प्रशिक्षण को पूरे मनयोग के साथ लें और अपने विद्यालय में बच्चों को पूरी ईमानदारी के साथ साझा करें ।जिससे प्रत्येक विद्यालय निपुण लक्ष्य को हासिल कर,पूरे ब्लॉक को निपुण लक्ष्य को हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में जनपद जौनपुर प्रथम स्थान प्राप्त कर सके । डॉ राकेश सिंहने बताया कि जनपद जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के अधिकारी और अध्यापक एक साथ मिलकर जौनपुर को निपुण जनपद बनाने में में कार्य करेंगे उन्होंने बताया कि जनपद वाराणसी में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर रहते हुये बेसिक शिक्षा के लिए अध्यापकों के साथ मिलकर बहुत काम किया और हम चाहते है कि हम उसी ऊर्जा के साथ जनपद जौनपुर को



भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाये,जौनपुर का सौभाग्य है कि वर्तमान समय में विभाग में चार चार पी ई एस अधिकारी कार्य कर रहे है आपसब इनका सहयोग और मार्गदर्शन लेकर जनपद को शीर्ष पर पहुँचा सकते है ।वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष सिंह व डॉ आर एन यादव ने प्रशिक्षण में शामिल हुए सभी शिक्षकों से करंजाकला ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने का संकल्प भी दिलवाया ।कार्यक्रम में एसआर जी अखिलेश सिंह , एस आर जी अजय मौर्य, ए आर पी संदीप कुमार चौधरी ,जगदीश यादव ,मनोज सिंह ,अच्छेलाल चौधरी, सतीश मौर्य शिक्षक संगठन से , इंदुप्रकाश यादव ,मनोज यादव विजय लक्ष्मी यादव नीतीश , अनिल , शैलेन्द्र पाल, सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। ।कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह ने किया। अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।

# कलयुग केवल राम अधारा –डॉ. मदन मोहन मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कलयुग केवल राम अधारा अर्थात रामयुग में केवल प्रभु राम का नाम ही जीवन का आधार है। मृत्युलोक में सन्त के मुख से निकली बाणी मनुष्य का भाग्य बदल सकती है। उक्त बातें वाराणसी से पधारे श्रीमद्भागवत कथाकार डॉ. मदन मोहन मिश्र ने लेदुका बाजार में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार की रात्रि सैकड़ो भक्तों के बीच कही। उन्होंने कहा कि राम कथा होगी तभी पवन नंदन रहेंगे, पवन नंदन रहेंगे तभी स्वच्छ हवा मिलेगी। डॉ. मिश्र ने विषधर नाग के फन पर यमुना में नृत्य की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने चौथ का चंद्रमा देखने पर उसका दोष निवारण बताते हुए कथा प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने कहा कि ऋचाएं ही गोपियां है। लीलाधारी पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण की लीला जीवन को सीख देती है। जनपद के स्वामी बजरंग दास जी महाराज ने भक्तजनों के बीच हनुमंत कथा सुनाते कहा कहा कि अंजनी के लाल की पूजा करने वाले का अनिष्ट कभी हो ही नही सकता। उन्होंने कहा कि रावण की सोने की लंका रावण के ही सामान से जलाकर राख करने वाले हनुमान कष्टहरता है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक राजनाथ सेठ, पंडित रघुवंशमणि, डॉ. लालजी, जयशंकर दूबे, राजमणि, सन्तोष, धर्मराज, शिवा सेठ, पवन मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे। कथा का बेहतरीन संचालन उपेन्द्र उपाध्याय ने किया। कथा समापन पश्चात आरती व प्रसाद वितरण किया गया।

## जनपद में अलग–अलग स्थानों से 75 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से 75 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार बीती रात उप निरीक्षक सुनील कुमार मय पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे कि शिवपुर मोड़ के पास एक व्यक्ति की तलाशी ली गई उसके पास 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एक जरकिन में बरामद की गई पूछने पर उसने अपना नाम प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पुत्र बांकेलाल विश्वकर्मा निवासी मोहल्ला काजीकोट मडियाहू बताया। इसी प्रकार उपनिरीक्षक संत प्रसाद यादव मय पुलिस टीम के साथ आज बुधवार को गश्त पर थे कि रसैनी पाली मोड़ के पास लगभग 9:30बजे एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास 35 लीटर अवैध कच्ची शराब एक जरकिन में बरामद हुआ पूछने पर उसने अपना नाम हवलदार पुत्र राजनाथ निवासी ग्राम ताजुद्दीनपुर थाना मडियाहू बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा–60 आबकारी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया।

## सीएचसी मुफ्तीगंज में एक्सरे मशीन व अल्ट्रासाउंड उपकरणों के अभाव से जनता त्रस्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुफ्तीगंज में आवश्यक उपकरणों के अभाव में मरीजों ,गर्भवती महिलाओं , को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जनपद के स्वास्थ्य विभाग को विल्कुल नही पता रहता है कि यहां इस अस्पताल में आये दूर दराज से मरीजों के साथ क्या हो रहा है सीएचसी अधीक्षक के कथनानुसार लगभग 200 से 250 मरीज प्रतिदिन आते है उसमे कुछ मरीज ऐसे भी होते है जिन्हें एक्सरे की तत्काल जरुरत पड़ती है जो यहाँ उपलब्ध नही है इसके बारे में उच्चाधिकारियों कोकई बार अवगत भी कराया गया है एक्सरे के लिए 20 किलोमीटर दूर जौनपुर जाना पड़ता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग मूक दर्शक बना हुआ है सीएचसी मुफ्तीगंज अधीक्षक डॉश्रवण कुमार यादव ने कहा कि सरकार की व्यवस्था है हम चाहते है किअस्पताल में समुचित व्यवस्था बढ़े जिससे लोगो को होने वाली परेशानी न हो । क्षेत्र के समाज सेवक दीनानाथ राय ,हरिओम सहाय , पंकज राय ,दिलीप मोदनवाल प्रधान ,बृजेश यादव ,शम्भूनाथ राय ,मुन्नालाल विश्वकर्मा ,सुधीर यादव ,संजय दूबे आदि लोगो ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियो का ध्यान सीएचसी मुफ्तीगंज की तरफ आकर्षित कर तत्काल कदम उठाने की मांग किया है।

## छमाही परीक्षा अगले माह में : नही मिली किताब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चालू शिक्षा सत्र धीरे धीरे आधा बीत चुका है। अगले माह में छमाही परीक्षा होनी है,किंतु परिशदीय विद्यालयों के बच्चो को किताब नसीब नहीं हो सकी है। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को सरकार किताब मुफ्त देती है।चालू सत्र में शासन द्वारा वितरण के लिए किताब अभी तक नहीं उपलब्ध कराई गई है। कुछ स्कूलों में बच्चो को पुरानी जमा कराई गई किताब दी गई,किंतु अधिकांश विद्यार्थी किताब पाने से अभी भी वंचित हैं।शैक्षिक कलेंडर के अनुसार अक्टूबर माह में अर्धवार्षिक परीक्षा होनी है।ऐसे में विद्यार्थी बिना किताब पढ़े ही परीक्षा में शामिल होगे।जबकि शिक्षको को निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं।अब सवाल उठता है कि क्या अब किताब के बिना ही पठन पाठन कार्य होगा। इस समस्या के बाबत खंड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नंबर बंद था।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल सखियों का हुआ प्रशिक्षण : जल प्रशिक्षण का किट किया गया वितरित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लॉक सभागार के शहीद हाल में ग्राम पंचायत में नियुक्त जल सखियों का प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें जल सखियों को जल प्रशिक्षण का कीट वितरित किया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बुधवार को जल सखी का प्रशिक्षण हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीडीओ धर्मापुर काशी नाथ सोनकर द्वारा जल सखियों को जल प्रशिक्षण का कीट वितरित किया गया। इस कीट से जल सखियों द्वारा ग्राम पंचायतों में जल की स्थिति का जांच की जाएगी। बीडीओ काशी नाथ सोनकर ने जलसखियो को इस जिम्मेदारी का पूरी पारदर्शिता के साथ निर्वाहन करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रिंश कुमार यादव, ऋषभ सिंह, सृष्टि , कविता देवी, व पवन कुमार मौजूद रहे।

# आवास अपूर्ण होने पर बीडियो ने रोका सचिवों का वेतन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने आवास अपूर्ण होने की दशा में सभी पंचायत सचिवों का माह अगस्त का वेतन रोक दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016–17 से वर्ष 2021 22 तक तमाम प्रयासों के बावजूद भी प्रधानमंत्री आवास के 107 लाभार्थियों तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 5 लाभार्थियों ने अभी तक अपना आवास नहीं बनवाया है। जबकि आवास निर्माण के लिए इन्हें प्रथम व द्वितीय किस्त तक जारी कर दी गई है। बीच–बीच में समीक्षा के दौरान पंचायत सचिवों को आवास अविलंब पूर्ण कराने के लिए चेतावनी भी दी जाती रही है फिंर भी पंचायत सचिवों ने पूरी तरह से लापरवाही बरती है। ऐसी दशा में खंड विकास अधिकारी श्रीवास्तव ने अग्रिम आदेश तक माह अगस्त का वेतन रोक दिया है। उन्होंने बताया कि वेतन रोकने का आदेश आवास के नोडल प्रभारी सहायक विकास अधिकारी सहकारिता नागेंद्र प्रसाद की रिपोर्ट पर की गई है। उन्होंने बताया कि जिन पंचायत सचिवों का वेतन रोका गया है उनमें बृजेश सिंह , अरुण कुमार सिंह ,विनय यादव, अजय रजक ,दुर्गेश तिवारी ,निशा यादव, पूजा सोनी ,श्रीपति मौर्य राजकुमार मौर्य आदि लोग हैं।

## बीआरसी केंद्र पर बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को बीआरसी केंद्र पर हुआ। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ आर के पटेल ने निपुण लक्ष्य को समय से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 2025– 26 तक उत्तर प्रदेश में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु का आह्वान किया। डाइट प्राचार्य सच्चिदानंद यादव ने निपुण भारत के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि आप सभी सम्मानित अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन से बेसिक शिक्षा को नई दिशा व गति मिलेगी। इस अवसर पर रवि चन्द्र यादव जिला मंत्री, अनिल दीप चौधरी, अजय कुमार मिश्रा, लाल बहादुर पटेल, रवि शंकर दुबे, संतोष कुमार सिंह, विनोद यादव आदि उपस्थित रहे।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके बुधवार को जेल भेज दिया। गौराबादशाहपुर पुलिस मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गौराबादशाहपुर स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगलवार की रात लगभग 8 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर जब तलाशी लिया गया तो उसके पास से एक डिब्बे में 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त दीपक प्रजापति पुत्र हरिशंकर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बमैला गांव का निवासी है।

# अमर्यादित टिप्पणी से आहत विधायक ने मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को दी तहरीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक तूफानी सरोज ने वाट्स एप्प पर अशोभनीय अमर्यादित टिप्पणी करने से आहत होकर मुकदमा दर्ज करने के ले लिए चंदवक थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष को तहरीर दी ।इस दौरान सपा विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान सहित भारी संख्या में समर्थक उपस्थित थे। विधायक ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि क्षेत्र के बरइछ गांव निवासी दिनेश पांडेय उर्फ दीनू ने वाट्सएप्प पर अभद्र,अशोभनीय व अमर्यादित टिप्पणी की है ।ऐसा उन्होंने दलित होने के नाते किया ।मैं तीन बार का सांसद व वर्तमान में विधायक हूं ।उनके टिप्पणी से मेरी राजनीतिक व सामाजिक क्षति हुई है ।मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई करें ।इसके पश्चात विधायक श्री सरोज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वाट्सएप्प पर बरइछ गांव निवासी दिनेश पांडेय दीनू द्वारा मेरे खिलाफ अभद्र, अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी की गई है ।जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया हूं ।यदि पुलिस मुकदमा दर्ज कर प्रभावी कार्रवाई नहीं करती है तो मैं इस मामले को पुलिस के आला अधिकारियों को अवगत कराऊंगा ।यदि फिर भी कार्रवाई नहीं होती है तो इस मामले को विधानसभा में उठाऊंगा ।इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि विधायक ने तहरीर दी है ।मामले की जांच की जा रही है ।जांचोपरांत विधिक कार्रवाई की जाएंगी। इस अवसर पर सुरेश यादव,सुबास यादव,घनश्याम सिंह, श्रवण यादव,बब्बल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने शहीद के परिजनों की लिया सुधि : शहीद की याद में बनेगा स्मारक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गाँव निवासी वीरगति को प्राप्त बी एस एफ में तैनात प्रधान आरक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज के परिजनों की सुधि विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने लिया है! उन्होंने जानकारी होने पर उनकी याद में शहीद स्मारक का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया है! विधायक मिश्र के कहने पर एसडीएम ने राजस्व कर्मियों को भेज कर जमीन भी चिन्हित कर लिया है! चिन्हित जमीन पर खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने तकनीकी जेई को भेज कर शहीद स्मारक निर्माण के लिए कार्य योजना बनाने का निर्देश जारी किया है! बुद्धवार को खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव, पंचायत सचिव दुर्गेश तिवारी तथा ग्रामप्रधान सुनील पाल ने चिन्हित जमीन का जायजा लिया! विधायक मिश्र ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में अविलम्ब शहीद स्मारक के लिए कार्य शुरू हो जाना चाहिए! वीरगति को प्राप्त वीरेंद्र प्रसाद सरोज के पुत्र रोहित कुमार ने बताया कि अब तक राज्य व केन्द्र सरकार ने कभी भी पिता की शहादत को याद नहीं किया और न तो परिजनों की सुधि ही लिया! नौ वर्ष पिता की शहादत बीत जाने पर विधायक मिश्र ने उनके नाम पर शहीद स्मारक बनवाने का निर्णय लिया है! गौरतलब है कि 26 अगस्त वर्ष 2013 को सामरिक मुख्यालय 161 बटालियन सीमा सुरक्षा बालीमेला ( उड़ीसा) जो कि एन टी नक्सल आपरेशन क्षेत्र में तैनात थे! तीन अधीनस्थ अधिकारी तथा 15 अन्य कार्मिक जिसमें मुख्य आरक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज भी शामिल थे! तीन वाहनों में सवार बटालियन मुख्यालय गांधीनगर गुजरात के लिए रवाना हुई! क्षेत्रीय सीमा सुरक्षा बल कोरापुट में रात बिताने के बाद पार्टी दूसरे दिन 27 अगस्त 2013 को आगें के लिए लोग रवाना हुए! पोटांगी से विशाखापट्टनम की तरफ करीब पांच किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद लगभग 9.30 बजे नक्सलियों ने घात लगाकर आई ई डी विस्फोट के साथ भारी तादाद में गोला बारी कर दिया! विस्फोट में पांच टन वाहन जहाँ क्षतिग्रस्त हो गयी जिसमें निरीक्षक सामान्य ड्यूटी गौरव गोडवेले के साथ मुख्य आरक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज एवं अन्य पांच कार्मिक सवार थे! उसमें से मुख्य आरक्षक वीरेंद्र प्रसाद सरोज तथा तीन कार्मिक घटना स्थल पर ही वीरगति को प्राप्त हो गये! तथा उन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया!

# धीरेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष व दिनेश राम चुने गए मंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह की उपस्थिति में ब्लाक इकाई डोभी प्राथमिक शिक्षक संघ का चुनाव ब्लाक के सभागार में सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जनपदीय संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल व चुनाव पर्यवेक्षक जनपदीय कोषाध्यक्ष रोहित यादव के देख–रेख में चुनाव सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से धीरेंद्र प्रताप सिंह को ब्लाक अध्यक्ष व दिनेश राम को ब्लाक मंत्री व संतोष कुमार संयुक्त मंत्री चुना गया। इस अवसर नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री को पद एंव गोपनियता के शपथग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता डोभी ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष सेवानिवृत्त शिक्षक जंगबहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने सभागार में उपस्थित भारी संख्या में आए हुए डोभी ब्लाक के शिक्षक/शिक्षिकाओं का आभार जताते हुए कहा कि यह संगठन के विश्वास की जीत है है जो इतनी बड़ी संख्या में आप लोग अपना नेतृत्व चुनने के लिए यहाँ उपस्थित हैं, जनपदीय इकाई सदैव डोभी की नवनिर्वाचित कार्यसमिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए प्रयास करेगी कि डोभी ब्लाक के एक भी शिक्षक के साथ किसी भी प्रकार कोई भी विभागीय अहित न हो सके एवं सदैव प्रयास रहेगा कि सभी शिक्षकों को साथ लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए आगामी आंदोलनों में शिक्षक हितों की आवाज को प्रमुखता एवं प्रखरता से से उठाएंगे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाओं का आभार जताते हुए आश्वस्त किया कि जो विश्वास और भरोसा आप लोगों ने मेरे ऊपर दिखाया है वो कभी नहीं टूटेगा और निरंतर शिक्षक हितों के



संघर्ष के लिए हम एवं हमारी पूरी टीम उपस्थित रहेगी। सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह एंव अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री सतीश पाठक, संगठन मंत्री अश्विनी कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, पत्रकार अब्दुल हक अंसारी, रामसिंह राव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह आदि ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश सिंह व ब्लाक संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव,अतुल कुमार सिंह, उमेश यादव, शैलेष सिंह, सरोज सिंह, सजल, विशाल, नीतीश सिंह, रामकृपाल यादव, अरविंद जी, अशोक सिंह, संजय सिंह,विजय श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार सिंह, राजेश सिंह, ऋषिकेश, शैलेंद्र प्रताप, बाबूलाल यादव,आशीष विश्वकर्मा, प्रतिमा यादव, उर्वशी केसरी, सभ्यता यादव,श्वेता सिंह,नम्रता, नीलम उपाध्यय, कुसुम विश्वकर्मा, माधुरी, वंदना निषाद,रेखा खैरवार,पूनम गौण अर्पिता सिंह सिंह, अनुपम सिंह, पूर्णिमा सिंह, ज्योति किरण गुप्ता, अमिता गौतम, वंदना, सत्यप्रकाश सिंह, बृजेश सिंह, अमित सिंह, शशि सरण चौबे, अमित सिंह, आलोक पांडेय, विनोद सिंह, रामनारायन, रामेश्वर, नीरज नारायण, अरविंद कुमार, विनय, संतोष यादव,अभिषेक, कामेश्वर प्रसाद, प्रवीण प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# शाहगंज बीआरसी पर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र शाहगंज में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती के माल्यार्पण से हुईस प्रशिक्षण के प्रथम दिन बतौर मुख्य अतिथि डा सच्चिदानंद यादव ने कहा कि हमें हर बच्चे को निपुण लक्ष्य हासिल कराना है। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि कोई लक्ष्य कठिन परिश्रम एवं योजना बनाकर प्राप्त किया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहे , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल ने कहा जब हर बच्चा निपुण हो जायेगा। तब परिवेश में में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा, वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व जिला बेसिक शिक्ष अधिकारी वाराणसी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हमें पूरी योजना बनाकर निपुण लक्ष्य पर कार्य करना है, इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, एवं आरएन सिंह यादव मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जयसवाल ने आए हुए सभी अतिथियों को बुके एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। प्रशिक्षण में



100 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कक्ष में सभी संसाधन क्रियाशील रहे। एसआरजी डॉक्टर अखिलेश सिंह, कमलेश यादव अजय मौर्य ने भी प्रतिभागियों को निपुण लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया. एआर पी प्रशांत मिश्र, अखिलेश यादव, सुभाष यादव धर्मेन्द्र सिंह, सुजीत सोनकर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया. संचालन ए आर पी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक सघ शाहगंज प्रशांत मिश्र ने किया। इसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका शाहगंज, का औचक निरीक्षण किया गया, उन्होंने उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री का सूक्ष्म अवलोकन किया, कक्षा में अधिगम स्तर को भी परखा गया। उन्होंने परिसर को और स्वच्छ रखने हेतु प्रेरित किया।

## डाकघर में क्यू आर कार्ड के माध्यम से अब डिजिटल भुगतान कर सकेंगे ग्राहक–पी के सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डाकघर में जनसामान्य की सेवाओं को कई प्रकार की सेवाओं से सुविधाजनक बनाया जा रहा है इसी क्रम में डाक विभाग में नवीनतम टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए अपनी सेवाओं में क्यू आर कार्ड का विस्तार कर कस्टमर को फ्रेंडली बना रहा है । अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने दोनों प्रधान डाकघर सहित 86 उपडाकघरों के बुकिंग काउंटर पर क्यूआर कार्ड लगवाया । जिसे स्कैन कर ग्राहक यू पी आई के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर सकेंगे प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने बताया की अयोध्या मंडल के अब दोनों प्रधान डाकघर सहित सभी उप डाकघर में यह सेवा उपलब्ध करा दी गई है अब प्रधान डाकघर और उप डाकघर में स्पीड पोस्ट पार्सल पंजीकृत पत्रों की बुकिंग और देश–विदेश को भेजे जाने वाले विभिन्न प्रकार के पत्र पार्सल व अन्य डाक वस्तुओं की बुकिंग चार्ज का भुगतान अब क्या इसके अलावा डिजिटल पेमेंट के माध्यम से भी हो सकेगा डाक विभाग में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था के लिए क्यू आर कोड से यूपीआई आधारित ऑनलाइन भुगतान की सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध करा दी गई है प्रवर अध ीक्षक श्री सिंह ने बताया कि डिजिटल भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रधान डाकघर उप डाकघर के बुकिंग काउंटर पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिसका प्रयोग कर यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा पत्र पार्सल की बुकिंग के दौरान काउंटर क्लर्क द्वारा पॉइंट ऑफ सेल पर पत्र के प्रेषक व प्राप्तकर्ता के सभी जानकारियों को दर्ज करने के उपरांत ग्राहक को रकम बताई जाएगी और क्यूआर कार्ड को स्कैन कर भुगतान की प्रक्रिया संपन्न करने को कहा जाएगा उक्त क्यूआर कोड को स्कैन कर किसी भी यूपीआई पेमेंट मोबाइल एप्लीकेशन जैसे डाक पे, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम अमेजॉन पे, के द्वारा भुगतान किया जा सकेगा ग्राहक द्वारा पूर्ण करने पर सेंट्रल सर्वर से भुगतान संपन्न होने की जानकारी लेगा और ग्राहक की रसीद प्रिंट हो जाएगी यह भी कहा कि इस सेवा के शुरू होने से ग्राहकों की सुविधाओं में इजाफा होने के साथ साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी अब डाकघर में आए हुए ग्राहकों को फुटकर रुपया की समस्या से राहत मिल जाएगी और काउंटर पर बैठे डाक सहायक को रुपए के लेनदेन से भी छुटकारा प्राप्त हो जाएगा काउंटर पर नगद लेनदेन शामिल ना होने से समय की भी बचत होगी हालांकि अगर रकम देकर पत्रों की बुकिंग का कार्य भी पूर्व की ही भांति होता रहेगा ।इस दौरान सहायक अधीक्षक डाकघर अनिल कुमार द्विवेदी, हिमांशु शुक्ल, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, कुमार चित्रांकर, जितेन्द्र सिंह, अनामिका, चांदनी, स्वाति, कुसुमलता वर्मा, आदि दर्जनों मौजूद रहे।

## डबल इंजन की सरकार में नहीं मिला रहा विधवा महिला को न्याय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामपुर जोहन तहसील मिल्कीपुर थाना बीकापुर मृतक सुनील कुमार उपाध्याय की मृत्यु 3.08.2021 को हुई लेकिन सशान प्रसशान ने ऐसा खेल खेला की मृतक सुनील कुमार की पत्नी प्रेम कुमारी को कथित पत्नी प्रशासन और , राजस्व विभाग सुनील को अविवाहित साबित करता है जबकि ऑडियो के माध्यम से उनके बड़े भाई अनिल कुमार उपाध्याय द्वारा साफ–साफ यह बयान किया जाता है कि उनकी संपत है उसे हमें कोई लेना देना नहीं है उनके नाम करा देंगे बस हमारे पाटीदारों के साथ में घूमे ना और अनिल कुमार पत्नी बिंदु लता द्वारा बयान किया जाता है कि किस समय सिंदूर डाले कि खाली हमारे देवर को फिर भी अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही हैं और लगातार काले कारनामे होते जा रहे हैं एक गरीब आदमी कैसे न्याय का उम्मीद लगाए इन दलालों से जबकि महिला के नाम सारे दस्तावेज हैं लाइट कनेक्शन काफी पुराना है फिर भी दिखाई नहीं पड़ रहा है विधवा महिला के कागजों को दबा दिया जाता है जबकि पिछली रिकॉर्डिंग में हमने सुनाया था रिकॉर्डिंग के माध्यम से सुना गया ₹50000 रुपए की हो रही थी तहसील मिल्कीपुर से बृजेश सिंह मीणा लेखपाल द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर संबंध बनाया गया और उसी पर मृतक सुनील कुमार की गाड़ी को ट्रांसफर भी करा लिया गया आखिर इस महिला को न्याय मिलता है कि नहीं जबकि प्रेम ने बृजेश सिंह मीणा और बिंदु लता कि आडियो रिकॉर्डिंग जिला अधिकारी अयोध्या के समक्ष पेश किया था और 2 महीने के लिए निलंबित किया गया था उसी बिरोध ा में रिपोर्ट में सुनील कुमार को अविवाहित साबित कर रहे थे उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर द्वारा बनाया गया संबंध परिवाहन विभाग के लिए उसी से मृतक के नाम टी बी एस अपची नच42 ठम 6703 अनिल कुमार ने अपने नाम कर लिया और संबंध लेखपाल बृजेश सिंह मीणा की रिपोर्ट अनिल उपाध याय को तन्हा वारिसान में दिखाया गया है और 2019 में संबंध प्रमाण पत्र जो बनाया गया उसका पत्रांक संख्या 1363 दिनांक 7 अगस्त 2019को जारी किया गया वह फैजाबाद कोर्ट में और बैंक ऑफ बड़ौदा मोतीगंज में लगाया गया है उसमें सुनील उपाध याय विवाहित दिखाए गए हैं और जो 2021 में बनाया गया है उसका पत्रांक संख्या 2903 है दिनांक 14 दिसम्बर 2021को जारी किया इसकी रिपोर्ट लेखपाल बृजेश सिंह मीणा ने दिया है जिसमें अनिल उपाध्याय तन्हा–बारिशन है इस संबंध में बैक डेट के परिवार रजिस्टर की नकल और फर्जी मृतक प्रमाण पत्र के आध ार पर बिना जांच किए जारी किया गया है और दोनों संबंध तहसील मिल्कीपुर से बने हैं देखना है कि दलाल राजेन्द्र तिवारी उर्फ ललन तिवारी /इन्द्र मणी मिश्रानिधियवा इनके नाम पहले से मुकदमा फ्राड का दर्जा है देखने वाली बात है कि पैसे के बल पर कानून कब तक बिकता है क्या इस योगीराज में विधवा महिला प्रेम कुमारी को न्याय मिलता है या नहीं।

## पीड़ित के मुताबिक चिकित्सक अपने आवास पर मरीजों से बाहर की दवा लाने को कर रहे मजबूर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय जहां एक ओर योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों को सख्त हिदायत दिये है कि इस समय सभी मरीजों को के इलाज में कोई कमी न हो। परंतु इसका असर जिले के बीकापुर स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों व चिकित्सकों पर नहीं दिखाई दे रहा है। वही इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अगर कोई ऐसी शिकायत मिलती है तो इसकी जांच कराकर दोषी कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। मरीजों व उनके परिजनों के मुताबिक इस समय सरकारी अस्पतालों में दवा उपचार के लिए आने वाले मरीज और उनके तीमारदार दलालों के चंगुल में फंस जाते हैं।जो अस्पताल परिसर में शिकार की तलाश में मंडराते रहते हैं। सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त दवा होने के बावजूद दलालों के माध्यम से उन्हें बाहर से महंगी दवा खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। बताते हैं कि चिकित्सक और मेडिकल स्टोर के लोगों की भी सांठगांठ रहती है।ऐसा ही एक मामला अयोध्या जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर अस्पताल मे आया है।बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के उमरनी पिपरी निवासी घनश्याम वर्मा ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे वह तारुन क्षेत्र के रूपापुर निवासी अपने रिश्तेदार मिठाई लाल वर्मा 62 वर्ष का उपचार कराने सीएचसी बीकापुर गए थे। वह सांस की बीमारी से पीड़ित हैं। अस्पताल परिसर में जाने के बाद वहां मौजूद एक युवक द्वारा बताया गया कि डॉक्टर साहब ओपीडी में नहीं है। अपने कमरे पर मौजूद हैं। वहां चल कर दिखा देता हूं। युवक के साथ चिकित्सक के आवासीय कमरे पर वह अपने रिश्तेदार को लेकर गए। वहां कमरे पर मौजूद चिकित्सक द्वारा बीमारी पूछ कर एक सादे पर्ची में दवा लिख दी गई।उक्त युवक उनको लेकर मेडिकल स्टोर पर गया तथा दवा दिलाने के बाद मेडिकल स्टोर पर 1 हजार रुपए लिया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी अजय राजा ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त दवा मौजूद है। बाहर से दवा लिखने के लिए मना किया गया है। शिकायत मिलने पर जांच करके कार्रवाई की जाएगी। यही हाल जनपद के अन्य कई सीएचसी और पीएचसी का है।

## विदाई समारोह के अवसर पर कंपनी कमांडेंट डॉक्टर मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मियों को किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 34 वी वाहिनी पीएसी बटालियन के 'कान्फ्रेंस हाल' में 31 अगस्त 2022 को पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को कंपनी कमांडेंट डाक्टर राजीव नारायण मिश्र आईपीएस द्वारा विदाई समारोह में प्रशस्ति पत्र,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस मौके पर उन्होंने पीसी राम कृपाल राम, मु0आ0 ओमकार सिंह, राम दयाल सिंह, उदित नारायण सिंह, लालचन्द्र यादव, मैनेजर राम, श्री इन्द्रदेव यादव, व राम केरल राम, के साथ साथ जनपद गोरखपुर स्थानांतरित वाहिनी प्रधान लिपिक एएसआई राजेश चौबे,को सम्मानित किया। इस मौके पर सेनानायक डाक्टर राजीव नारायण मिश्र, आईपीएस द्वारा पीएसी परिवार की तरफ से उक्त अधिकारीगण के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस मौके पर भव्य विदाई समारोहद्द में विनोद कुमार उपसेनानायक, नरेश सिंह यादव, सहायक सेनानायक, देवपाल, शिविरपाल, रणजीत कुमार तिवारी, सूबेदार सैन्य



सहायक एवं वाहिनी के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। विदाई समारोह का संचालन सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा किया गया।उक्त भव्य विदाई समारोह के आयोजन हेतु समस्त अधि कारी/कर्मचारीगण द्वारा डाक्टर राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस. सेनानायक 34वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी की सराहना करते हुए सहृदय आभार प्रकट किया गया।

## प्रसव कराने के नाम पर लिया गया पैसा हुआ वापस : जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर हुई शिकायत के बाद मिला पैसा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीएचसी बीकापुर में प्रसव के नाम पर प्रसूता के तीमारदारों से लिया गया पैसा जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री से करने के बाद अस्पताल में लिया गया पैसा वापस मिलने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर फोन द्वारा ध न्यवाद ज्ञापित किया है। विकासखड क्षेत्र के महावा निवासी ईश्वर दीन द्वारा बताया गया कि उन्होंने अपनी बहन कुसुम को प्रसव के लिए 1 अगस्त को सीएचसी बीकापुर में भर्ती कराया था। सामान्य प्रसव होने के बावजूद प्रसव कराने के नाम पर सुविधा शुल्क के तौर पर 4500 रुपए लिया गया था। और बाहर से 900 की दवा लिया था मामले की शिकायत उनके द्वारा जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर की गई थी। शिकायत होने के बाद कुछ दिन पूर्व अस्पताल प्रशासन द्वारा उनके घर पहुंचकर शिकायत वापस लेने के लिए कहा और अस्पताल बुलवाकर दिया हुआ उनका पैसा वापस किया गया। जिसके लिए वह मुख्यमंत्री कार्यालय पत्र भेजकर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करेंगे।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित 15 दिवसीय कौशल सुध ार प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ संपन्न।हम आपको बताते चलें कि स्वयं सहायता समूह की तेजतर्रार व शिक्षित महिला अध्यक्ष सबीना बानो के नेतृत्व में चल रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अगरबत्ती बनाने का लिया प्रशिक्षण। प्रशिक्षण समाप्त होने पर। ग्राम उद्योग बोर्ड से आए हुए अधिकारियों द्वारा परीक्षण में भाग लिए महिलाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रशिक्षण 15 दिवसीय चल रहा था जिसका समापन आज दुल्लापुर पंचायत भवन मवई चौराहा पर खादी ग्राम उद्योग बोर्ड से आए हुए अधि ाकारियों द्वारा सम्मान पत्र देकर सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिनांक 16. 08.2022 से 31.08.2022 तक अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण चलाया गया। प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत स्वयं सहायता की महिलाओं को आयोजक प्राचार्य छत्तरपाल सिंह तथा मवई वीडियो रसीष कुमार एवं अध्यक्ष सबीना बानो द्वारा सम्मान पत्र देकर सभी दीदी सखी को सम्मानित भी किया गया। तथा अगरबत्ती बनाने के लिए प्रशिक्षण देने वाली सभी महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गई। इस अवसर स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सबीना बानो, बी सी सखी अर्चना साहू, आयोजक प्राचार्य छतर पाल सिंह,बी डी ओ रसिष कुमार, खादी ग्राम उद्योग अयोध्या मंडल प्रभारी अशोक कुमार, आई डी ओ आई एस बी, बीएमएम आशुतोष मिश्रा, अमित, फूलचंद, संजय,सिकरेट्री लाल जी, ग्राम प्रध ाान दुल्लापुर, सैकड़ों की तादाद में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा दीदी सखी मौजूद रही।

## इब्तिदा–ए–हेल्प जिला अध्यक्ष ने एक महिला की बचाई जान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भदरसा निवासी रुकसाना बानो को ऑपरेशन के दरमियान खून की थी सख्त जरूरत। इब्तिदा–ए–हेल्प फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष जनाब शहबाज घोसी ने अपना ब्लैड खुद देकर महिला की बचाई जान इब्तिदा–ए–हेल्प अयोध्या शहर में सभी संस्थाओं से ब्लेड डुनेड करने में रही है आगे दो महीने के दरमियान में 101 यूनिट 96 लोगो को दिया इब्तिदा–ए–हेल्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध यक्ष जनाब जहीर अहमद ने बताया अभी तक हमारी संस्था ने 101 यूनिट ब्लेड डोनेड किया है अपने शहर अयोध या में हमारी संस्था इब्तिदा–ए–हेल्प आगे और भी प्रोजेक्ट पे काम कर रही है व तैयारियां भी कर रही है जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कार्यों, असहाय गरीब बच्चों के लिए उपाध्यक्ष ने बताया हमारी संस्था इब्तिदा–ए–हेल्प ने लॉकडाउन में काफी लोगो की मदद की और हमारी टीम आगे भी मदद कर रही है और करेगी सिर्फ आप लोगो से हौसला अफजाई मिलती रहे इस मौके पे मौजूद जनाब तालिब ,सोनू ,राकेश ,अर्जुन ,गुफरान इदरीसी, जावेद,सत्य प्रकाश वकील,फैजान अशरफ।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य की एक करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति हुई कुर्क

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव उर्फ दरोगा यादव की संपात्ति हुई कुर्क। एक करोड़ 6 लाख 10 हजार की संपात्ति हुई कुर्क। एसडीएम बंदना पांडे और सीओ राजाराम चौधरी की अगुवाई में मकान,स्कोर्पियो गाड़ी और अपाची गाड़ी की गई कुर्क। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह बोले,हत्या,हत्या का प्रयास,लूट,रंगदारी सहित कई गंभीर धाराओं में दरोगा यादव पर दर्ज है केस।थाने का टॉप टेन अपराधी है राकेश उर्फ दरोगा यादव।बल्दीराय थानाक्षेत्र महमूदपुर मजरे हेमनापुर



गांव का रहने वाला है दरोगा यादव।

## प्रभारी मंत्री से भेंट के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली स्वास्थ्य व खस्ताहाल सड़कों का उठाया मुद्दा

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले में एक दिवसीय जनपदीय भ्रमण पर पहुंचे सूबे के जल शक्ति विभाग के राज्यमंत्री रामकेश निषाद का पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आर. ए. वर्मा की अगुवाई में पार्टी पदाधि ाकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण व गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात के दौरान कहा सरकार संगठन के एजेंडे पर काम कर रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद के समक्ष ध्वस्त बिजली की समस्या, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निर्माण के कारण जर्जर हुई 100 से अधिक सड़कों का मामला उठाया। पार्टी पदाधि ाकारियों ने जिला अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों की कमी के मुद्दे को भी उठाया।इसी के साथ प्रभारी मंत्री को जल शक्ति मिशन के तहत वलीपुर सहित कई ग्राम सभा में हुए गुणवत्ता विहीन कार्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने बताया पाइप लाइन बिछाने के बावजूद भी लोगों को नल से जल नहीं मिल रहा है।सूबे के जल शक्ति मंत्री ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य की बेहतरी,अराजकता और भ्रष्टाचार को खत्म करना हमारे एजेंडे में है।




उन्होंने कहा कार्यकर्ता के एंजेंडे के आधार पर ही सब कुछ होगा। इस दौरान डॉ एमपी सिंह ने स्वरचित पुस्तक प्रभारी मंत्री को भेंट की। इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉक्टर एमपी सिंह,पूर्व विधायक अर्जुन सिंह,पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, संजय त्रिलोकचंदी शशिकांत पांडे,विजय त्रिपाठी, घनश्याम चौहान,संदीप सिंह,धर्मेंद्र कुमार,अजय सिंह लीडर,आशीष सिंह रानू,भाजपा नेता बॉबी सिंह,अरुण द्विवेदी, गोविंद नारायन त्रिपाठी टाड़ा, चन्दन नारायन सिंह अवधेश पाण्डे, डॉक्टर सुनील विश्वकर्मा, दिनेश चौरसिया, गिरधर गोपाल,हिमांशु मालवीय आदि मौजूद रहे।

## आजमगढ़ : थाना बिलरियागंज पुलिस ने हत्या में वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार कर किया सराहनीय कार्य

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : स्थानीय थाना बिलरियागंज की पुलिस ने मंगलवार को हत्या के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को मधनापार तिराहे से गिरफ्तार कर लिया है। एस ओ बिलरियागंज विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि छिहीं के संतराज पुत्र केदार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर हुई। पुलिस काफी दिनों से अभियुक्त संतराज की तलाश में थी। अभियुक्त के विरुद्ध दफा बयासी की नोटिस भी जारी की गई थी। आज यह कहीं भागने के फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एस ओ बिलरियागंज विजय



प्रकाश मौर्य ,का0 रविंद्र कुमार यादव, सर्वेश कुमार, विनोद कुमार गिरी, व म0 का0 तन्नू सिंह शामिल रही।

## हिंदू महासभा ने महंत सर्वेश्वर दास को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या की चार सबसे बड़ी पीठों में सम्मिलित तपस्वी छावनी के महंत सर्वेश्वर दास जी महाराज के निधन पर हिंदू महासभा की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट की गई हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा तपस्वी छावनी पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण किया गया, प्रवक्ता मनीष पांडेय द्वारा कहा गया कि यह संत समाज की अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई करना बेहद मुश्किल होगा , नया मंदिर शीश महल के महंत एवं हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम लोचन सरवन शास्त्री राजन बाबा जी महाराज ने सर्वेश्वर दास जी महाराज को एक कर्मठ और अध्यात्मिक संत बताया, तपस्वी छावनी के उपरांत सभी हिंदूमहासभाई उनकी पार्थिव शरीर की शोभायात्रा के साथ तुलसी घाट (कच्चा घाट) पहुंच कर उन्हें अंतिम विदाई दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि प्रकट करने में हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय, नया शीश महल मंदिर के महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा हिंदू महासभा के जिलाध यक्ष पंडित विधि पूजन पांडे जिला महामंत्री चंद्रहास दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी हीरामणि पांडेय, जिला मंत्री अजय शुक्ला जिला मंत्री दुर्गेश मिश्र पूर्व भाजपा नगर उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला भाजपा पूर्व नगर अध यक्ष दिनेश जयसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ट्रक विद्युत पोल को तोड़ते गुमटी से टकराई : एक घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गोसाईगंज कस्बे के पूर्वी सिरे पर स्थित पेट्रोल पंम्प के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर के अनियंत्रित ट्रक ने विद्युत पोल को तोड़ते हुए एक गुमटी में टक्कर मार दी। जिससे गुमटी में मौजूद एक ब्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। जिसका इलाज सीएचसी गोसाईगंज पर चल रहा है,जंहा उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। ट्रक को लोगो ने पीछाकर बस स्टाप से पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक सहित चालक व परिचालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर में मोरंग लदी एक ट्रक तीव्र गति से अम्बेडकरनगर से अयोध्या की तरफ जा रही थी।वह जैसे ही पूर्वी सिरे पर स्थित पेट्रोल पम्प के पहले ही पहुंची थी कि सामने से तीव्र गति से आ रही बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर एक विद्युत पोल से टकराते हुए उसे तोड़ते हुए कुछ दूरी पर मौजूद गुमटी से जा टकराई। जिससे गुमटी उछल कर दूर जा गिरी और चकनाचूर हो गयी।शोर सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने जब घटनास्थल पर जाकर देखा तो गुमटी में एक ब्यक्ति बुरी तरह से घायल मिला। जिसकी पहचान तुलसीराम यादव निवासी तेजापुर के रूप में हुई। जिसे इलाज के लिए गोसाईगंज सीएचसी ले जाया गया। एसएचओ केके मिश्र के मुताबिक ट्रक चालक शैलेन्द्र यादव निवासी पिंगरिया थाना भीटी अम्बेडकरनगर व परिचालक अर्जुन यादव निवासी समदा गोसाईगंज को हिरासत में लिया गया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर नही मिली है।

## ब्रॉडबैंड कनेक्शन के इंतजार में 614 ग्राम पंचायतें

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जन सेवा केंद्र की तर्ज पर ग्राम पंचायतों से ढाई सौ सुविधाएं ग्रामीणों को प्रदान करना फिर हाल आसान नहीं लगता दावा 3 महीने में ग्राम पंचायतों के सचिवालय से इन सभी सेवाओं को उपलब्ध कराने का है पंचायत सचिवालय बने कई महीने हो गए अभी वही अच्छी तरह स्थापित नहीं हो सके पंचायती राज विभाग ढिंढोरा चाहे जितना पीते पर सच यही है ना बैंड कनेक्शन के सत्यापन के बारे में कराए गए उनके सर्वे से दावे की सच्चाई सामने आ रही है अभी 180 ग्राम पंचायतों के पास ही ब्रॉडबैंड कनेक्शन है यह ग्राम पंचायत है शहर के करीब की है जिले में 1794 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें 614 ग्राम पंचायतों को अभी बराबर कनेक्शन का इंतजार रहेगा सर्वे 794 ग्राम पंचायतों में से 612 का हुआ है 183 ग्राम पंचायतों के कनेक्शन के सत्यापन का अभी सर्वे होना है शामिल होने से वंचित ग्राम पंचायतों की संख्या पंचायती राज विभाग की ओर चिढ़ाने लगी 1 जुलाई तक सभी ग्राम पंचायतों को कनेक्शन ले लेना था सिर्फ 180 ग्राम पंचायतें ही कसौटी पर खरी उतरी है अधिकारी शीतला प्रसाद सिंह का दावा है कि ग्राम पंचायतों के कार्यों का भुगतान ग्राम सचिव वालों से पंचायत सहायक करने लगे हैं कनेक्शन भले ही अभी नहीं हो सका निजी कनेक्शन से पंचायत सहायक भुगतान कर रहे हैं बीएसएनएल ने भारत में योजना के तहत ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की लाइन जरूर पहुंचा दी है उसे शुरू नहीं किया गया है इसके शुरू होने से 250 सुविधाएं पंचायत सचिवालय की मुट्ठी में होंगी पंचायत सचिवालय मैं जन सेवा केंद्र के लिए हनुमान सभी 250 सुविधाएं शुरू हो जाएंगी 3 महीने का समय अभी इसमें लगेगा इसके बाद ग्राम पंचायतों के लोगों को जन सेवा केंद्र जाने की जरूरत नहीं होगी पंचायत सचिवालय से ही उन्हें जन सेवा केंद्र वाली सारी सुविधाएं मिलने लगेगी।

## कहासुनी के बाद युवक को मारा चाकू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के सुरैला गांव में बुधवार की शाम कहासुनी के बाद बिहार के युवक ने गांव के ही रहने वाले युवक को कहासुनी के बाद चाकू मार दिया जैसे ही इस बात की जानकारी गांव के लोगो को हुई तो गुस्साए ग्रामीणों ने चाकू मारने के आरोपी युवक की जम कर पिटाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक अस्पताल पर भेजा और आरोपी युवक को थाने ले आई गांव के रहने वाले गोलू सिंह 26 किसी कार्य वश गांव में गए थे तभी एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले बिहार के एक युवक से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी तभी बिहार के रहने वाले युवक ने चाकू से गोलू के पेट पर वार कर दिया गुस्साए ग्रामीणों ने चाकू मारने वाले युवक की जम कर धुनाई कर पुलिस को सौप दिया। इस बारे में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह का कहना है कि घायल को इलाज हेतु भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही होगी।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।